**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**04.01.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ग्रामीण भारत को सशक्त करने के लिए सरकार ने शुरू की कई कल्याणकारी योजनाएं।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में 40 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं के किए उद्‌घाटन व शिलान्यास।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– प्रदेश में जल्द ही स्क्रैप नीति लागू करेगी राज्य सरकार।
- प्रदेश में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में 4 से 7 डिग्री सैल्सियस तक की वृद्धि दर्ज– मौसम विभाग ने कल से वर्षा व बर्फबारी की जताई संभावना।

**समाचार विस्तार से............**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को विकास और अवसरों के जीवंत केन्द्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के सरकार के दृष्टिकोण पर बल दिया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव के उद्‌घाटन अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हर गांव में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए एक अभियान शुरू किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के इरादों, नीतियों और निर्णयों से ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा आ रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत अब तक तीन लाख करोड़ रुपये की वित्तीए सहायता दी जा चुकी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल–जीवन मिशन सहित सरकार के प्रयासों का उद्देश्या ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला जिला के जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 40 करोड 84 लाख रुपये की लागत की चार विकास परियोजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने गुम्मा एचपीएमसी सीए स्टोर और कोटखाई में मिनी सचिवालय भवन का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाद्‌दाता..........

*वीओ......... मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला जिला के जुब्बल कोटखाई क्षेत्र के दौरे के दौरान अनेक घोषणाएं की। इनमें सीएचसी कोटखाई का दर्जा बढ़ाकर नागरिक अस्पताल करने, कोटखाई में उप न्यायाधीश न्यायालय और उप–मंडलीय पशु चिकित्सा अस्पताल सहित अन्य घोषणाएं शामिल हैं। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मण्डी मध्यस्थता योजना की एक सौ 63 करोड़ रुपए की देनदारियां क्लीयर की और छोटे सेब बागवानों की मदद करने के लिए इस वर्ष यूनिवर्सल कार्टन लागू किया गया।*

*उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पराला मंडी का निर्माण कार्य पूरा किया और सौ करोड़ की लागत से फल प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में बागवानी क्षेत्र में और सुधार करेगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सुधार पर बल दे रही है और 3 हजार शिक्षकों की भर्ती बैचवाइज आधार पर की गई है जबकि 3 हजार अध्यापकों की भर्ती लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जा रही है। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि राज्य सरकार ने आईजीएमसी शिमला, टांडा और नेरचौक मेडिकल कॉलेज में थ्री टेस्ला एमआरआई के लिए 85 करोड़ रुपए जारी किए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी जनसभा को संबोधित किया।*

**अग्निहोत्री**

उप मुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए 6 सौ 80 करोड़ रूपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टप योजना चलाई गई है। उप मुख्यमंत्री ने आज ऊना जिले में हरोली विधानसभा के इस योजना के एक लाभार्थी को ई–टैक्सी की चाबी सौंपने के बाद ये बात कही। उन्होंने कहा कि ये योजना युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के साथ–साथ प्रदेश के समग्र व हरित विकास और पर्यावरण प्रदूषण मुक्त राज्य बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। अग्निहोत्री ने कहा कि योजना के तहत ई–टैक्सी खरीदने पर सब्सिडी का प्रावधान किया गया है और इन टैक्सियों को सरकारी विभागों के साथ अटैच किया जाएगा।

## हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में जल्द ही स्क्रैप नीति लागू करेगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रदेश में स्क्रैप को लेकर कोई पॉलिसी नहीं है और संबंधित अधिकारियों व हितधारकों के साथ इस संबंध में चर्चा की जा रही है।

उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 13 वर्षों के बाद खनन नीति बदली गई है और सरकार अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार प्रयासरत है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए सरकार ने सात यूनिट प्रति टन से घटाकर पांच यूनिट प्रति टन सीमा भी घटाई है। बिजली सब्सिडी छोडने की मुख्यमंत्री की अपील पर उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मामले पर बेबुनियाद बयानबाजी कर रहा है, इस विषय पर राजनैतिक दलों को विचार करना चाहिए।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा अध्यक्ष आज चम्बा जिला के चुवाड़ी में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि चुवाड़ी में मिनी खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य अगले दो माह के भीतर शुरू किया जाएगा।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि ठियोग में हुए पानी आपूर्ति के घोटाले में सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है। शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि एक साल पहले शुरू हुए घोटाले की सरकार को पहले तो भनक तक नहीं लगी और जब मामले से जुड़े लोगों ने ही पानी की सप्लाई पर सवाल उठाया तब भी सरकार ने चुप्पी साधे रखी। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस मामले में जितने भी लोग जुड़े हैं सभी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में दिखाई गई सुस्ती सरकार की नीयत पर भी सवाल खड़े करती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश भर में हुई पानी की इस तरह की सप्लाई की भी जाँच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## मौसम

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य से 4 से 7 डिग्री सैल्सियस तक वृद्धि दर्ज की गई है जिससे लोगों को सर्दी के मौसम में गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि शिमला में लगभग 19 साल बाद जनवरी के महीने में आज सबसे ज्यादा 23 दशमलव एक डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है जबकि इससे पहले 30 जनवरी 2006 को अधिकतम तापमान 21 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया था। उधर सोलन में आज अधिकतम तापमान 29 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का अनुमान लगाया है जिसका असर 6 जनवरी को व्यापक रूप से देखने को मिलेगा। इस दौरान राज्य के ऊंचाई वाले अधिकतर इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

## भाजपा बयान

प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल में अनेक घोटाले सामने आए हैं और सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। एक ब्यान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में सामने आ रहे घोटालों पर सरकार मौन है। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि भाजपा ने क्रूज घोटाला, आजीविका मिशन और पेयजल आपूर्ति जैसे मामले को लगातार उठाया लेकिन इस पर कांग्रेस नेता झूठ बोल रहे हैं।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ग्रामीण भारत को सशक्त करने के लिए सरकार ने शुरू की कई कल्याणकारी योजनाएं।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में 40 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– प्रदेश में जल्द ही स्क्रैप नीति लागू करेगी राज्य सरकार।
- प्रदेश में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में 4 से 7 डिग्री सैल्सियस तक की वृद्धि दर्ज– मौसम विभाग ने कल से वर्षा व बर्फबारी की जताई संभावना।